दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 323 मुरादाबाद 26 March 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

# योगी आदित्यनाथ ने शपथ ले रचा इतिहास, नाम संग जुड़ गए 4 रिकॉर्ड; 5 साल शासन के बाद वापसी करने वाले पहले CM

## योगी आदित्यनाथ दूसरी बार बने यूपी के मुख्यमंत्री, केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक बने डिप्टी सीएम

यूपी में 37 वर्षों बाद आज वो समय आ गया है जब किसी मुख्यमंत्री ने लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। यूपी चुनाव के नतीजे आने के बाद आज यूपी में 18वीं विधानसभा के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इंटरनेशनल क्रिकेट मैदान में आयोजित हुआ है। कई मायनों में खास इस शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी के अलावा भाजपा का शीर्ष उपस्थित है। 12 प्रदेशों के सीएम भी इसमें शामिल हैं योगी आदित्यनाथ एक बार फिर देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की कमान संभाल ली हैं। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने योगी आदित्यनाथ को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। केशव प्रसाद और ब्रजेश पाठक ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। बेबी रानी मौर्य, रामनरेश अग्निहोत्री, सुशील शाक्य, नंदगोपाल नंदी ने किया। मैं योगी आदित्यनाथ अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में शपथ लेकर भगवाधारी योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री बन गए हैं। पीएम मोदी समते 50 हजार से अधिक मेहमानों की मौजूदगी में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने योगी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस शपथ के साथ ही योगी के नाम यूपी के कई खास रिकॉर्ड भी दर्ज हो गए हैं।



### 37 साल बाद किसी सीएम की वापसी

उत्तर प्रदेश में पिछले 37 साल में सत्ता में वापसी करने वाले योगी आदित्यनाथ पहले मुख्यमंत्री हैं। योगी से पहले कांग्रेस के नारायण दत्त तिवारी ने 1985 में यह कारनामा किया था। वह अविभाजित यूपी के सीएम थे और लगातार दो बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। एनडी तिवारी के कार्यकाल के बाद कोई और सीएम सत्ता में वापसी में कामयाब नहीं हुआ था।

### यूपी की सत्ता में वापसी करने वाले कुल पांचवें सीएम

एनडी तिवारी से पहले तीन अन्य मुख्यमंत्री भी सत्ता में वापसी कर चुके थे। 1957 में संपूर्णानंद, 1962 में चंद्रभानु गुप्ता और 1974 में हेमवती नंदन बहुगुणा लगातार दो बार मुख्यमंत्री बनने में सफल रहे थे। योगी यूपी के 5वें सीएम हैं उन्होंने लगातार दूसरी बार सत्ता संभाली है।

### यूपी में वापसी करने वाले बीजेपी के पहले सीएम

उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ से पहले कल्याण सिंह, राम प्रकाश गुप्ता और राजनाथ सिंह मुख्यमंत्री बन चुके हैं। लेकिन इनमें से कोई भी लगातार दूसरी बार सत्ता हासिल नहीं कर सके। योगी यूपी में बीजेपी के पहले सीएम हैं जिन्होंने लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है।

### 15 साल बाद विधायक बना सीएम

यूपी में 15 साल बाद विधानसभा का कोई सदस्य मुख्यमंत्री बना है। पिछले कार्यकाल में योगी जब मुख्यमंत्री बने तब वह लोकसभा के सदस्य थे। लोकसभा की सदस्यता छोड़ने के बाद वह विधान परिषद के सदस्य बने थे। **योगी से पहले अखिलेश यादव और मायावती भी एमएलसी के रूप में ही मुख्यमंत्री बने थे।**

योगी आदित्यनाथ के गांव पंचुर में जश्न, मां का आशीर्वाद लेने जल्द जा सकते हैं सीएम - योगी आदित्यनाथ के दूसरी बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले शुक्रवार की सुबह से ही उत्तराखंड के पंचुर गांव में जश्न का माहौल बना हुआ है। गांववालों ने इस मौके पर नृत्य-संगीत के जरिए भी अपनी खुशी का इजहार किया। सीएम योगी की मां सावित्री देवी काफी खुश नज़र आ रही थीं। सीएम योगी जल?द ही मां का आशीर्वाद लेने पंचुर जा सकते हैं यूपी चुनाव 2022 के प्रचार अभियान के दौरान न्यूज 18 को दिए एक इंटरव्यू में सीएम योगी ने कहा था कि दो वर्षों से मां से बात नहीं हई है लेकिन चुनाव के बाद मिलने जरूर जाऊंगा। उन्होंने कहा था कि दो साल पहले मेरे पिताजी का निधन हुआ था। उसके बाद मैं जा नहीं पाया था। मैं तब से भय के मारे भी और संकोच के नाते भी बात नहीं कर पाया। सीएम ने कहा था कि वह आज जो कुछ भी हैं अपनी मां की कृपा की वजह से हैं। उन्होंने कहा- बचपन में मेरी पहली शिक्षक मेरी मां ही थी, अक्षर का ज्ञान उन्होंने ही मुझे दिया है।

### घर पर जुटे लोग, मिलकर मनाई खुशी

शपथ ग्रहण के दिन सीएम योगी के घर जुटे लोगों ने मिलकर खुशी मनाई। उन्होंने सीएम योगी की मां, भाई, भाभी और परिवार के अन्य सदस्यों को बधाई दी। फिर सबने मिलकर नृत्य-संगीत के जरिए खुशी का इजहार किया। गांववालों ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के दोबारा सीएम बनने की खुशी है। उन्होंने उत?तर प्रदेश की जनता को बीजेपी को प्रचंड बहुमत देकर योगी आदित्यनाथ को दोबारा सीएम बनाने के लिए बधाई भी दी।

- केशव प्रसाद मौर्य उपमुख्यमंत्री
- बृजेश पाठक उपमुख्यमंत्री
- सूर्य प्रताप शाही मंत्री
- सुरेश खन्ना मंत्री
- स्वतंत्र देव सिंह मंत्री
- बेबी रानी मौर्य मंत्री
- लक्ष्मण चौधरी मंत्री
- जयवीर सिंह मंत्री
- धर्मपाल सिंह मंत्री
- नंद गोपाल नंदी मंत्री
- भूपेंद्र सिंह चौधरी मंत्री
- अनिल राजभर मंत्री
- जितिन प्रसाद मंत्री
- राकेश सचान मंत्री
- अरविंद कुमार शर्मा मंत्री
- योगेंद्र उपाध्याय मंत्री
- आशीष पटेल मंत्री
- संजय निषाद मंत्री
- नितिन अग्रवाल राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार
- कपिल देव अग्रवाल राज मंत्री स्वतंत्र प्रभार
- रविंद्र जयसवाल राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार
- संदीप सिंह राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार
- गुलाब देवी राज मंत्री स्वतंत्र प्रभार
- चंद यादव राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार
- धर्मवीर प्रजापति राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार
- असीम अरुण राज मंत्री स्वतंत्र प्रभार
- जेपीएस राठौर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार
- दयाशंकर सिंह राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार
- नरेंद्र कश्यप राज मंत्री स्वतंत्र प्रभार
- दिनेश प्रताप सिंह राज मंत्री स्वतंत्र प्रभार
- अरुण सक्सेना राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार
- दयाशंकर मिश्रा दयालु राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार
- मनकेश्वर सिंह राज्य मंत्री
- दिनेश खटीक राज्य मंत्री
- संजीव गौड़ राज्य मंत्री
- बलदेव सिंह ओलक राज्य मंत्री
- अजीत पाल राज्य मंत्री
- जसवंत सैनी राज्य मंत्री
- रामकेश निषाद राज्य मंत्री
- मनोहर लाल मन्नू कोरी राज्य मंत्री
- संजय गंगवार राज्यमंत्री
- बृजेश सिंह राज्य मंत्री
- केपी मलिक राज्य मंत्री
- सुरेश राही राज्य मंत्री
- सोमेंद्र तोमर राज्य मंत्री
- अनूप प्रधान बाल्मीकि राज्यमंत्री
- प्रतिमा शुक्ला राज्य मंत्री
- राकेश राठौर गुरु राज्यमंत्री
- रजनी तिवारी राज्य मंत्री
- सतीश शर्मा राज्य मंत्री
- दानिश आजाद अंसारी राज्य मंत्री
- विजय विजय लक्ष्मी गौतम राज्य मंत्री

# चोरी की चार मोटरसाइकिल के साथ दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्रवाई के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी सर्किल भिनगा अतुल कुमार चौबे के कुशल निर्देशन में व०उ०नि० फिरतू यादव थाना सिरसिया व उ०नि० राजकुमार सिंह प्रभारी चौकी धर्मन्तापुर थाना सिरसिया श्रावस्ती मय हमराह टीमके साथ क्षेत्र में भ्रमण शील थे कि मुखबिर सूचना मिली कि विभूतिनाथ मंदिर से हैरया रोड पर दो व्यक्ति चोरी की 02 मोटरसाइकिल से आ रहे है मुखबिर की सूचना पर विश्वास करके पुलिस टीम विभूति नाथ मंदिर गेट के बगल प्रा० स्कूल के दीवार के आड़ में छिपकर आने वाले व्यक्तियों का इंतजार करने लगे तभी दो मोटर साइकिल वाले आ गए। दोनों



मोटरसाइकिल को रोककर व्यक्तियों से गाड़ियों के कागजात को मांगा गया तो कागजात दिखाने में असमर्थ रहे और भागने की कोशिश करने लगे, जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ किया गया तो वह अपना नाम पता क्रमश: 1. सोनू कोरी पुत्र बाबादीन 2. दिनेश पुत्र निबई निवासीगण मेढकिया थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती बताये। अभियुक्तों के निशानदेही अलग-अलग स्थानों से दो अन्य मोटर साइकिल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना सिरसिया पर मु०अ०सं०- 054/ 2022 धारा- 41,411,413 भादवि मे अभियोग पंजीकृत किया गया।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना इकौना का किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - अभिलेखों के रखरखाव, मालखाना व लावारिस तथा मुकदमाती मालों के निस्तारण हेतु दिये आवश्यक दिशा निर्देश श्रावस्ती अपर पुलिस अधीक्षक के०सी० गोस्वामी द्वारा थाना इकौना का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय के रजिस्टर नंबर 8, अपराध रजिस्टर, एक्टीव लिस्ट, बीट सूचना रजिस्टर ,फ्लाई शीट रजिस्टर, हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया ।अभिलेखों के रखरखाव, मालखाना व लावारिस तथा मुकदमाती मालों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया ।थानों पर नियुक्त समस्त विवेचकगण को विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया ।त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन किया गया जिसमें बीते हुए त्यौहारो की प्रविष्टि अंकित पायी



गयी। थानास्टाफ का नियमित सम्मेलन व उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारण सक्षम स्तर से कराये जानें, बीट कर्मचारियों द्वारा बीट सूचना दर्ज करानें तथा बीट सूचना पर आवश्यक कार्यवाही करनें के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये। सभी बीट प्रभारी/ कर्मचारियों को भी निर्देशित किया गया कि वह अपने-अपने बीट में जाकर चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण कराये।थाना स्तर पर शिकायत लेकर आने वाले शिकायतकर्ता की शिकायत नोट करनें तथा समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया साथ ही साथ थाना इकौना के अधिकारी/ कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। प्रभारी निरीक्षक इकौना को निर्देश दिया गया कि आरक्षियों को थाना स्तर पर संपादित किए जाने वाले प्रत्येक कार्य के बारे में बेहतर जानकारी दी जाए । थाना पर मालमुकदमाती वाहन/मालों का निस्तारण शीघ्रातिशीघ्र कराने हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया। थाना परिसर भ्रमण के दौरान आवासीय भवनों, भोजनालय, शौचालय व उठनें बैठनें के स्थानों को भी स्वच्छ रखनें हेतु निर्देश दिया गया।इस दौरान क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा, प्रभारी निरीक्षक थाना इकौना संतोष कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जिला प्रशासन के लाख प्रयासों के बाद भी मरोली खंड चार अवैध खनन वा परिवहन बदस्तूर जारी है

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा- कलेक्ट्रेट परिसर में कल दिनांक 24.03.22को बांदा जनपद के मतोंध थाना क्षेत्र के मरोली ग्राम के निवासी बंदरा पुत्र बलिया ने अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया था कि मरोली खंड चार वाले जबरन उसकी जमीन से दिन रात बालू खोद रहे हैं माना करने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 25.03.22 कई मीडिया के साथियों ने किसान की समस्या को लेकर खदान चार के संचालक से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया है घंटो बाद भी कोई नही आने पर उक्त किसान के साथ उसकी जमीन में जाकर देखा तो ऐसा लगा की मानो खंड चार में माफियाओं द्वारा दबंगों ने खदान के आस पास के लोगो को डरा धमका कर अपना खनन का खेल जारी कर रखा है। इसी तरह इस खदान से ओवर लोड ट्रेको को ग्रामीण की जमीन से जबरन निकलने के विरोध करने पर उसे रुपए देने का लालच देकर बोलेरो में बिठा कर खंड लाकर जम कर धुनाई कर दी जिससे उसके काफी छोटे आ गई। इतना ही नहीं खंड चार के दबंग माफिया पूरी मीडिया का वीडियो बनाते वा खंड के अंदर जाने से रोकने का भरसक प्रयास करते रहे। वा खबरे न चलाने के बदले बात चीत कर मामला रफा दफा करने का भी पूरा प्रयास किया गया। अब देखने वाली बात है कि उक्त किसान की समस्या को जिला प्रशासन कितनी गंभीरता से लेकर कोई कार्यवायी करता है या सब हर बार की तरह हवा हवाई ही साबित होगा आने वाला समय बताएगा।

# आर टी ओ विभाग हुआ शक्त की बड़ी कार्य वाई



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा- कृषि महाविद्यालय के पास आज सुबह से ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में कई सालो से बकाया टैक्स न जमा करने वाली छः गाड़ियों पर कार्यवाई करते हुए कोतवाली देहात बांदा में खड़ी कराई। साथ ही ए आर टी ओ साहब ने बताया की वैसे तो यह कारवाई हमेशा चलती रहती है।लेकिन आभी 31मार्च तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) की बैठक संपन्न



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक के०सी०गोस्वामी की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) की मासिक बैठक की गई। अनिल कुमार यूनिसेफ द्वारा किशोर न्याय अधिनियम 2015 बाल श्रम रोकना, बाल अपराध व पास्को एक्ट के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यदि किसी बाल अपचारी द्वारा कोई घटना कारित की जाती है तो अधिनियम में दिए गए प्रावधानों के अनुसार ही कार्यवाही अमल में लायी जाए। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारीगणों को बाल श्रम, बाल विवाह व देह व्यापार आदि को रोकना व बाल अपचारी की देख-रेख व सुरक्षा-संरक्षा आदि के संबंध में भी जानकारी देते हुए सभी को कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान डा० विनय वर्मा (छ्4. छ्स्ह्), निरीक्षक एसएसबी प्रदीप कुमार( 62वीं वाहिनी भिनगा), प्रभारी एएचटीयू, बाल संरक्षण इकाई के समस्त पदाधिकारीगण, समस्त थाना में नियुक्त बाल कल्याण अधिकारी सहित सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राप्ती बैराज नदी में नहाते समय किशोर की डूबकर मौत

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - थाना क्षेत्र मल्हीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत गजोबरी के निवासी रामदीन यादव का 12 वर्षीय पुत्र नदी में नहाने गया था और राप्ती नदी बैराज पुल के पास में नहाने लगा और उसी में डूब गया कुछ ग्रामीणों ने देखा तो परिजन को बताया गांव के लोग काफी संख्या में पहुंच गए और काफी खोजबीन किया जिस की लाश लगभग 4 घंटे के बाद नदी में मृत पाई गई है जिसे परिजन बच्चे को घर पर लाकर अंतिम संस्कार कर दिया ।

# योगी जी की शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम के उपलक्ष में जोया के चामुखा मंदिर मैं किया गया हवन यज्ञ का आयोजन



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-प्रचंड बहुमत से बीजेपी सरकार बनने एवं योगी जी की शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम के उपलक्ष में जोया के चामुखा मंदिर मैं किया गया हवन यज्ञ का आयोजन दरअसल आपको बता दें उत्तर प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा योगी सरकार बनने पर आज शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है वही इस शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम के उपलक्ष में जोया के चौमुखा मंदिर पर नगर पंचायत अधिकारी सहित लोगों ने हवन यज्ञ कार्यक्रम में हिस्सा लिया वही प्रचंड बहुमत से योगी सरकार बनने पर जीत की खुशी मनाते हुए किया हवन यज्ञ इस मौके पर नगर पंचायत अधिकारी विजय कुमार अकेला दिनेश कश्यप शास्त्री ,विजय तिवारी, विपिन कुमार ,आकाश कुमार ,विजय सिंह ,बबली कुमार ,नन्हे सिंह, नितिन गुप्ता ,राहुल गुप्ता ,आदि लोग मौजूद रहे

# योगी आदित्यनाथ के दूसरी बार सीएम पद की शपथ लेने पर, बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री के तौर पर दूसरी बार शपथ लेने पर ठाकुरद्वारा में खुशी का माहौल है भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया। अधिकांश भाजपा कार्यकर्ता लखनऊ में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए गए हैं। योगी आदित्यनाथ के दोबारा सीएम बनने के बाद गोरखपुर के वासियों को क्षेत्र के विकास की उम्मीद जाग गई है। ठाकुरद्वारा के भाजपा कार्यकर्ता इस समय लखनऊ में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने गए हैं। बुल्डोजर बाबा योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री के तौर पर दूसरी बार सीएम बनकर राज्य में एक नया इतिहास कायम करने पर खटीमा के नागिरकों में खुशी है। राज्य के लोगों को एक बार फिर से नगर के विकास की उम्मीद जगी है। ऐसे बहुत से काम जो सीएम योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल थे। वह काम अब समय रहते पूरे हो जाएंगे। जिसमें कुछ काम घोषणाओं में शामिल हैं। इधर, नगर के मुस्लिम राष्ट्रीय मंच कार्यकर्ता डॉ आफताब के समर्थकों द्वारा मिठाई व आतिशबाजी की गई योगी आदित्यनाथ के दोबारा सीएम बनने की खुशी का इजहार किया गया व साथ ही डॉ आफताब आलम ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाई

# कलम के सिपाही की ईमानदारी से लौटीं खुशियां

## रामपुर की महिला का 2 दिन पहले मुरादाबाद में गिर गया था पर्स



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- अंबेडकर पार्क पर पत्रकार मनोज कश्यप को मिला था पर्स और सौंप दिया था पुलिस को रामपुर जिले के स्वार तहसील अंतर्गत गांव शिवपुरी मझरा मोहनपुर निवासी शिवराज सिंह की पत्नी जयमाला 2 दिन पहले मुरादाबाद में आई हुई थी तो उनका पर्स सिविल लाइन थाना अंतर्गत अंबेडकर पार्क के पास कहीं गिर गया था और यह पर्स मुरादाबाद के युवा पत्रकार मनोज कुमार कश्यप को मिला था जिसे उन्होंने सिविल लाइंस क्षेत्राधिकारी सागर जैन को सौंप दिया था और पर्स मिलने की सूचना विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थी इसके साथ ही पुलिस में भी महिला तक सूचना पहुंचाने का प्रयास किया था इस बीच शुक्रवार को महिला जयमाला सिविल लाइन थाने पहुंची और उसने पुलिस क्षेत्राधिकारी सागर जैन से संपर्क किया वही बाद में चंद्र नगर निवासी पत्रकार मनोज कश्यप को भी बुलाया गया इसके बाद महिला को पर्स सौंपा गया तो वही महिला जय माला की आंखों में आंसू आ गए क्योंकि पर्स में जरूरी कागजात के साथ-साथ सोने का लोन और पेंडल भी था महिला जयमाला ने पत्रकार की इमानदारी की सराहना की और पर्स मिलने पर पत्रकार का शुक्रिया भी अदा किया

# राधे-राधे द्वारा भव्य श्रीराम स्तूती और भजन -कीर्तन का आयोजन किया गया

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- आज उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व बाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने एंव परम पूज्यनीय महाराज योगी आदित्यनाथ जी के दोबारा मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर श्री शिव दुर्गा मंदिर काजी की सराय में मंदिर के अध्यक्ष श्री रमेश यादव जी राधे-राधे द्वारा भव्य श्रीराम स्तूती और भजन -कीर्तन का आयोजन किया गया!भजन कीर्तन में पार्षद वार्ड-47 डा.गौरव श्रीवास्तव एडवोकेट सपरिवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे !भजन कीर्तन का शुभारंभ डा.गौरव श्रीवास्तव एडवोकेट पार्षद वार्ड-47 भारती य जनता पार्टी द्वारा राधा कृष्ण जी की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया!पूजन पंडित श्री रमेश शर्मा द्वारा किया गया!कार्यक्रम में सभी छैत्रवासियों ने योगी जी के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर भजन कीर्तन में जमकर नृत्य किया और उत्तर प्रदेश में सनातन धर्म की रक्षक सरकार बनने का जश्न मनाया!कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री महेश यादव,पंडित श्री रमेश शर्मा ,पार्षद वार्ड-47डा.गौरव श्रीवास्तव एडवोकेट, श्रीमती दीप्ती श्रीवास्तव,वरिष्ठ भाजपा नेता श्री अखिलेश शुक्ला, भाजपमध्यनगर महामंत्री सूर्यमोहन शमशेरी,श्री राकेश गैरा, मन्डल मंत्री -आकाश भारद्वाज, दीपक शर्मा,अमन अग्रवाल, दीपक कश्यप ,अमित रुहेला, सम्राट पाठक,अमित अग्रवाल, खूब सिंह यादव, आकाश शर्मा आदि दर्जनों की संख्या में भक्त गण उपस्थित रहे!भजन संध्या के समापन पर पार्षद डा.गौरव श्रीवास्तव एडवोकेट द्वारा परम आदरणीय योगी आदित्यनाथ द्वारा मुख्यमंत्री पद की एंव चौधरी भूपेन्द्र सिंह द्वारा केबिनेट मिनिस्टर की शपथ लेने पर सभी भक्तजनों को मिष्ठान वितरण किया गया!

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा एएच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Prudence needed

The stand of the Supreme Court of the country in the matter of hijab is prima facie appreciable and indicative. With the stand of Chief Justice NV Ramana, the proportion of understanding in the society should increase. The court has indicated that the matter should not be made too sensational. The advocate, who brought this matter before the Supreme Court, had demanded an early hearing citing examinations, but the court is in no hurry. The court has said that the examinations have nothing to do with the issue. There is no such thing as hijab in the provisions regarding examination. In Karnataka, many girls refused to appear in the exam because of their insistence on wearing the hijab. The Karnataka government has already made it clear that there will be no re-examination, while some girls are demanding that the exam be re-taken, otherwise the year will be wasted. The question here is priority, hijab or exam? Due to such reasons, if the examination starts again, then a new practice will be started, which will also be considered wrong in large numbers. Still, the leaders of education should take some decision about those girls at the local level, so that their years are not wasted.“By the way, the Karnataka High Court has already given its verdict that Hijab is not mandatory. This is not a right which is gained by religion. There is no restriction on hijab in common life, anyone can wear it, but when it comes to school and college, it is inevitable to give importance to discipline and uniformity. Clearly, people dissatisfied with this decision have approached the Supreme Court and the Supreme Court has made a very reasonable indication that the matter is not of the importance it is being made out to be. The Karnataka High Court, in its judgment after studying the judicial and religious grounds, upheld the ban on all forms of religious clothing, including the hijab, inside educational institutions. Now the Supreme Court has to consider whether the hijab is a necessary religious practice.“In fact, we are giving more importance to such matters. Sometimes sensational and even violent. If we take this case, the judges of the High Court who delivered this judgment were threatened with death. After receiving the complaint, the justices have been given Y category security. There is nothing wrong in looking at anything from the point of view of religion, but when viewed from the point of view of communalism, then there is a problem. There is an infiltration of communalism on both sides of the hijab. The court will go beyond this intrusion and consider it in the light of the Constitution. In the direction in which the society is moving, many such cases will come to the fore in the spirit of communalism. First of all, people have to be careful. should be education in schools and colleges. General education is not the domain of any religious ritual. There is also complete freedom of religious practice outside schools and colleges, which the Constitution protects and will always do. Now, if any dress is to be accepted in the name of religion in schools, then harmony is necessary for this also, so that we can find a way out of unpleasant situations.

# Anupam Kher, furious over putting The Kashmir Files on YouTube, said 'Those who joke...'




Vivek Agnihotri's recently released film The Kashmir Files is continuously breaking big records at the box office. In terms of earnings, within just 13 days, this film has crossed the 200 crore mark. The Kashmir Files has also broken the record of Akshay Kumar's film Sooryavanshi as soon as it joined the 200 crore club within 13 days. Artist Anupam Kher, who played an important role in The Kashmir Files, has now shared a message in the name of the fans and has requested people to watch this film in theaters only. Anupam Kher requested the fans- Anupam Kher, putting forth his point of view, tweeted, 'Now friends go and watch The Kashmir Files Cinema Hall itself. You guys have known the grief of #KashmiriHindus after 32 years. Understand the atrocities done to them. Showed sympathy with them.

But those who are making fun of this tragedy. Please make them feel your power. Let us inform that this tweet of Anupam Kher has come to the fore only after Kejriwal's statement. Many celebs who came out in protest against TKF – Many Bollywood celebs are avoiding speaking on The Kashmir Files. At the same time, some people have also tried to put forward their point of view about this film in a suppressed tongue. Many celebs have openly opposed this film. Recently, many people including Adil Hussain, Swara Bhaskar, Prakash Raj and Gauhar Khan had given controversial statements regarding The Kashmir Files.

# It was difficult to recognize Aamir Khan's brother, these starkids got trolled including Khushi-Suhana

Do you remember Faisal Khan, brother of Aamir Khan? If you do not remember, then let us tell you that Faizal worked in the biggest flop film of Aamir Khan's career, Mela. Faizal was away from limelight for a long time, but once again his name is in the headlines. The reason behind this is his shocking transformation. Apart from this, photos of many star kids including Suhana Khan and Khushi Kapoor have surfaced on social media. All these people had come to give the look test of Zoya Akhtar's upcoming film The Archies and with this, nepotism has started being discussed among the people once again. At the same time, some pictures of singer Jubin Nautiyal have also surfaced, after which people are speculating that they are engaged. In this report, we are going to tell you all the three news in detail. Faizan Khan found it difficult to recognize“Pictures of the transformation of Aamir Khan's brother are doing the rounds on social media. Faisal looks quite different in these pictures. After seeing the pictures, the fans also say that Faizal Khan has changed a lot now. Let us inform that apart from Mela, Faizal Khan worked in many other films, but he could not get the recognition as expected. Why are starkids being trolled?“Zoya Akhtar was working on her upcoming film The Archies for some time now. Many star kids including Khushi Kapoor, Suhana Kapoor are going to be seen in this film. Recently, these star kids have been seen outside Zoya Akhtar's office. Apart from Khushi and Suhana, Jahan Kapoor, Agastya Nanda and Navya Naveli have been spotted during this time. Please tell that Khushi, Suhana, Jahan and Agastya Nanda were at Zoya's office for their look test for The Archies. After seeing the pictures that surfaced, many people are trolling them fiercely. With this, once again a debate has erupted regarding nepotism.



आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# अतिक्रमण पर चला नगर पालिका का बुल्डोजर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- शहर में नालियों के ऊपर अतिक्रमण करने की वजह से इनकी सफाई नहीं हो पा रही है। इसको लेकर पालिका ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी जारी की, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया गया। पालिका ने बृहस्पतिवार को बली मोहम्मद चौराहा पर बुलडोजर की मदद से अतिक्रमण हटवाए। इस दौरान व्यापारियों और पालिका कर्मियों के बीच नोकझोंक भी हुई। नगर पालिका परिषद के अधिकारी टीम के साथ बृहस्पतिवार को दोपहर करीब 12 बजे बली मोहम्मद चौराहा पहुंचे। यहां कई व्यापारियों ने नाली के ऊपर अतिक्रमण कर रखा था, जिसकी वजह से सफाई नहीं हो पा रही थी। इस पर पालिका ने दुकानों के आगे बनवाए गए चबूतरे, सीढ़ियां आदि को बुलडोजर से तुड़वा दिया। इस दौरान दुकानदारों के साथ पालिका के कर्मचारियों के साथ नोकझोंक हुई। हालांकि पुलिस बल मौजूद होने की वजह से दुकानदारों की एक न चली और अतिक्रमण को हटवा दिया गया। कुछ व्यापारियों ने नाली के ऊपर अस्थायी अतिक्रमण को स्वयं भी हटाना शुरू कर दिया। वहीं स्थायी रूप से हो रहे अतिक्रमण को जेसीबी मशीन द्वारा तोड़ा गया। पालिका की ओर से अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी जारी की गई कि अगर दोबारा अतिक्रमण किया गया तो 25 हजार रुपये के जुर्माने के साथ कार्रवाई भी की जाएगी। इस दौरान नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी डॉ. दीप वार्ष्णेय, कर अधीक्षक मुन्नालाल, अतिक्रमण प्रभारी बालकपूर, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

# सुन्ना हाईवे पर बवाल में पांच नामजद सहित 100 अज्ञात पर रिपोर्ट

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- पिलुआ थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुन्ना हाईवे पर दो कारों की टक्कर के बाद गांव सुन्ना और दरिगपुर के लोग आपस में भिड़ गए थे। इस दौरान पथराव व फायरिंग हुई थी। दरिगपुर निवासी एक किशोर गोली लगने से घायल हुआ था।

जिसमें परिजन ने पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अब आरोपी के पुत्र ने दरिगपुर के पांच नामजद सहित 100 अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पिलुआ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव सुन्ना निवासी सतीश चंद्र ने दरिगपुर निवासी राजबहादुर सहित चार नामजद और 100 अज्ञात लोगों को आरोपित करते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया है। उसने बताया कि 19 मार्च को यह लोग लाठी-डंडे और नाजायज असलहों से लैस होकर आए और परिवार पर ईंट-पत्थर व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। वहीं जान से मारने की नीयत से फायर किया। ईंट-पत्थर फिंकने से ड्रम आदि के टूट जाने की बात कही है। पिलुआ थानाध्यक्ष बेगराम ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। इससे पहले दूसरा पक्ष थाने में रिपोर्ट दर्ज करा चुका है।

# पत्रकार को हत्थकढ़ी पहना पढ़ा एटा पुलिस को भारी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-ट्रिपल हत्या काण्ड प्रकाश में आया था एटा पुलिस ने पत्रकार को धरा पत्रकार को हत्थकढ़ी पहना पढ़ा एटा पुलिस को भारी हत्थकढ़ी पत्रकार को डालने में एटा पुलिस को देना पड़ा दो लाख का मुआवजा हथकड़ी लगाने पर पत्रकार को मिला दो लाख मुआवजा अंतरिम राहत के रूप में मिला मुआवजा शासन के आदेश पर एसएसपी ने पीड़ित के खाते में कराया मुआवजा राशि का भुगतान राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने यूपी सरकार को मुआवजा देने का दिया था आदेश पीड़ित पत्रकार ने गरिमामय जीवन जीने के अधिकार का बताया था हनन सपा सरकार में पुलिस ने झूठे मुकदमे में पत्रकार को भेज दिया था जेल पीड़ित ने मानवाधिकार आयोग से लगाई थी न्याय की गुहार 6 साल लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने के बाद मिली सफलता पत्रकार की दलीलों को आयोग ने किया स्वीकार सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के कई आदेशों को बनाया था आधार आयोग ने 29 दिसम्बर, 2021 को यूपी के मुख्य सचिव को भेजा था सशर्त समन धनराशि भुगतान के साक्ष्य के साथ मुख्य सचिव को 4 अप्रेल को पूर्वाह्न 11 बजे आयोग में किया था तलब नियत तिथि से 10 दिन पूर्व भुगतान होने पर व्यक्तिगत पेशी से दी थी छूट शासन से आदेश मिलते ही एसएसपी उदय शंकर सिंह ने तत्काल पूर्ण कराई कागजी कार्यवाही समय से पीड़ित पत्रकार के खाते में कराया मुआवजा राशि का भुगतान जैथरा निवासी पत्रकार सुनील कुमार को मिला है मुआवजा

# परेड में ड्रिल एवं शारीरिक दक्षता के उपरांत एसएसपी एटा ने परखी पुलिस लाइन परिसर की व्यवस्थाएं

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- शुक्रवार की परेड में ड्रिल एवं शारीरिक दक्षता के उपरांत एसएसपी एटा ने परखी पुलिस लाइन परिसर की व्यवस्थाएं आज दिनांक 25.02.2022 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड में शुक्रवार की परेड के दौरान सलामी के उपरान्त परेड का निरीक्षण कर उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को पुलिस विभाग में ड्यूटी के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनता के प्रति सदव्यवहार बनाये रखने के निर्देश दिये गये, साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा परेड के दौरान आधुनिक वेपन्स (हथियारों) के संचालन अथवा रखरखाव के बारे में भी जानकारी दी गयी। परेड के उपरान्त पुलिस लाइन स्थित चिकित्सालय, परिवहन शाखा, क्वार्टर गार्ड, बैरिकों, भोजनालय, शस्त्रागार,बारबर शॉप आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान कुछ जगह खामियां मिलने पर प्रतिसार निरीक्षक को उनके शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया

साथ ही भोजनालय आदि में बेहतर साफ-सफाई मिलने पर संबधित कर्मियों की सराहना की गयी। उक्त मौके पर प्रतिसार निरीक्षक श्री हरपाल सिंह व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# ईशन नदी बचाओ अभियान के तहत जिला अधिकारी एटा के यहां गोद लेने पहुंचे किसान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अखिल भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले एटा कचहरी स्थित धरना स्थल पर संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बैठक आयोजित प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, रेलमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी एटा को सोंपा उक्त बैठक में सर्वप्रथम तय किया गया कि संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों के द्वारा लगभग एक दशक से ईशन नदी को पुनर्जीवित कराने के उद्देश्य से चरणबद्ध तरीके से धरना प्रदर्शन, आंदोलन, अनशन, पैदल यात्रा सहित गांव-गांव जागरूकता अभियानों को चलाने के बाद भी अपेक्षाकृत सफलता नहीं मिल सकी है इसलिए तय किया गया है कि ईशन नदी की समतल से कम से कम 15 फुट गहरी खुदाई कराकर उसके अंदर 03 से 05 फुट गहरे पेच बनाया जाए एवं 01 किलोमीटर दाएं बाएं के पानी निकास नाली 03 से 05 फुट गहरे क खुदबाकर 01 किलोमीटर दूर तक के सभी तालाबों को कम से कम 20 फुट गहरा खुदबाया जाए और नदी के किनारे वृक्षारोपण कराकर किसानों को रखरखाव की जिम्मेदारी सौंपी जाए जिससे जल संरक्षण के माध्यम से जल स्तर को नीचे गिरने से रोका जा सके एवं क्षेत्र के तमाम गांव खारे पानी की समस्या से जूझ रहे हैं उन को राहत मिल सके और पर्यावरण का संरक्षण किया जा सके गोदलेकर किसान, मजदूर, महिला एवं व्यापारियों बुद्धिजीवियों के सहयोग से 01 मई 2022 मजदूर दिबस पर खुदाई कराकर ईशन नदी को बचाने का काम किया जाएगा जिसमें शासन, प्रशासन एवं आम जनता का सहयोग सादर प्रार्थनीय है

# पुलिस ढांचे में लगातार सुधार की दिशा में लगे हैं, एसपी रोहन प्रमोद बोत्रे

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-पुलिस अधीक्षक कासगंज रोहन प्रमोद बोत्रे उस व्यक्तित्व का नाम है जिन्होंने जिले का कार्य भार ग्रहण करते ही लगातार सुधार का संकल्प व्यक्त किया, क ई राष्ट्रीय व प्रादेशिक पुरुस्कारों से सम्मानित बोत्रे ने कहा ई जटिल केसों का अनावरण करते हुए पुलिस विभाग की छवि को और ज्यादा विश्वसनीय बनाया है क ई जटिल केसो को 24 घंटे से भी कम समय में अनावृत किया इसी क्रम में आज उन्होंने पुलिस लाइन से लेकर थाना सहावर का निरीक्षण किया जिसमें सहावर थाना के निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने के रजिस्टरों का बेहतर रखरखाव, बैरकों, क्वाटरों का निरीक्षण तथा महिला हैल्प डैस्क पर आने वाली फरियाद सुनकर शीघ्र निस्तारण के आदेश दिए इस दौरान थाना परिसर की साफ़ सफाई तथा अभिलेखों को अद्यतन करने के निर्देश भी दिये, उन्होंने पुलिस लाइन में क्वार्टर गारद, परिवहन शाखा, स्टोर व मैस डायल 112 की गाडियों की फिटनेस, तथा मेडिकल किट बदलवाने तथा व्हीकल के रैस्पोन्स टाइम में सुधार लाने के लिए डायल 112 के प्रभारी को निर्देश भी दिये साथ ही उन्होंने पुलिस आफिस की विभिन्न शाखाओं, प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, क्राइम ब्रांच, डी सी आर बी आदि शाखाओं का बारीकी से निरीक्षण करते हुए साफ़ सफाई तथा अभिलेखों को तत्काल अद्यावधि करने के निर्देश भी दिये!

# राज्य स्तरीय शैक्षिक मड़ई का शिक्षामंत्री द्वारा किया जायेगा शुभारंभ



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सरजपुर-छ0ग0 राज्य शिक्षा आयोग, जिला प्रशासन सूरजपुर एवं शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर रायपुर के निर्देशन एवं सहयोग से 26 मार्च से 28 मार्च तक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय प्रतापपुर के परिसर में शैक्षिक मड़ई 2022 का आयोजन किया जा रहा है। मंत्री प्रतिनिधि कुमार बाबा के द्वारा कार्यक्रम पूर्व की तैयारियों का जायजा लिया, इस आयोजन के लिए श्रीमती जे0 एक्का प्राचार्य शिक्षा महाविद्यालय रायपुर एवं उनकी टीम द्वारा मड़ई स्थल पर विविध विषय आधारित स्टॉल एवं माड्यूल से साज सज्जा संबंधी तैयारी की जा रही है। विदित हो की मड़ई स्थल पर गणित, विज्ञान, सा0विज्ञान संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी, काफ्ट सहित विभिन्न विषयों पर मॉडलों का प्रदर्शन कर प्रभावात्मक शिक्षण का तरीका बताया जाएगा। खेल-खेल मे सीखने सीखाने के लिए गाईडेंस, कैरियर काउसलिंग, व्यक्तित्व विकास सहित बच्चों के सर्वागींण विकास से संबंधित मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। मड़ई मे सांस्कृतिक मंचीय कार्यक्रम भी होगें। इस दौरान शा0 शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के छात्राध्यपकों एवं शिक्षाविदों से मिलने एवं मार्गदशन का लाभ मिलेगा। जिले के विभिन्न शासकीय , अशासकीय उच्च प्राथमिक, हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल के शिक्षक एवं छात्र छात्रा विभिन्न मॉडलों का अवलोकन कर लाभ प्राप्त कर सकेगें। मड़ई का शुभारंभ 26 मार्च को डॉ. प्रेमसाय सिंह अध्यक्ष छ0ग0 राज्य शिक्षा आयोग एवं शिक्षामंत्री छ0ग0 शासन के कर कमलो से प्रातः 10.00 बजे होना सुनिश्चित हुआ है। समस्त गणमान्य, जनप्रतिनिधि मिडिया प्रभारी स्कूली छात्र-छात्रा, पालक एवं शिक्षकों से अनुरोध है कि अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन का लाभ उठाएं।

# राज्यपाल ने साल व स्मृति चिन्ह से वरिष्ठ पत्रकार दिलीप जायसवाल को किया सम्मानित

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर -अंबिकापुर-छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनसुइया उइके ने सूरजपुर जिले के पंडोनगर स्थित राष्ट्रपति भवन के अवलोकन के बाद आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार दिलीप जायसवाल को सम्मानित किया। बता दें कि दिलीप जायसवाल सरगुजा संभाग के पंडो सहित अन्य पिछडी जनजाति के लोगों की समस्याओं पर लिखते रहे हैं और उनकी खबरों को सरकार गंभीरता से लेकर कार्रवाई करती रही है। इस दौरान उन्हें साल व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। उनके साथ पत्रकार मनीष सोनी व राकेश मित्तल का भी सम्मान किया गया। पंडो जनजाति समुदाय के लोगों के इलाज के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले डाक्टरों व स्वास्थ कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान सरगुजा कमिश्नर जीआर चुरेन्द्र, कलेक्टर सूरजपुर डा गौरव कुमार सिंह, एसपी राकेश अग्रवाल व अन्य प्रशासनिक अधिकारी व पंडो समाज के उदय पंडो व हजारों की संख्या में सभी जनजातियों के लोग व उनके पदाधिकारी मौजूद थे।

# राष्ट्रपति भवन पहुची राज्यपाल

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर - सूरजपुर मे आज छत्तीसगढ के राज्यपाल अनसुईया उईके प्रवास पर पहुंची,,जहां सूरजपुर के पंडोनगर स्थित राष्ट्रपति भवन मे पंडो समुदाय द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे शिरकत की,वही पंडो समुदाय के लोगो ने राज्यपाल का भव्य स्वागत किया राज्यपाल अनसुईया उईके के सूरजपुर प्रवास के दौरान राष्ट्रपति भवन के दौरे के बारे मे सुनकर आप भी हैरत मे पड गए होंगे दरअसल यह दिल्ली का राष्ट्रपति भवन नही है बल्की पंडोनगर मे सन 1952 मे देश के प्रथम राष्ट्रपति डा राजेन्द्र प्रसाद अविभाजित सरगुजा के दौरान यहां एक रात गुजारे थे,,,और वनांचल मे रहने वाले पंडो जनजाति के लोगो को दत्तक पुत्र बनाए थे,जिनके याद मे पंडो समुदाय के लोगो ने इस स्थान को राष्ट्रपति भवन के रुप मे तैयार कर उनकी यादे ताजा रखे हुए है,ऐसे मे छत्तीसगढ के राज्यपाल अनसुईया उइके के स्वागत मे पंडो जनजाति के लोगो ने कार्यक्रम आयोजित कर उनका स्वागत किया पंडो समुदाय के लोगो का स्नेह प्रेम देख राज्यपाल भी बेहद खुश हुईपंडोनगर के राष्ट्रपति भवन मे राज्यपाल अनसुइया उईके ने पहुचकर अपने स्वेच्छा अनुदान से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एम्बुलेंस सौगात में दिए और प्रथम राष्ट्रपति के याद में बने राष्ट्रपति भवन पहुचने पर खुद को सौभाग्यशाली बताया,,वही पंडो जनजाति को सामाजिक मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रशासनिक पहल करने की बात किए,,ऐसे में पंडो समुदाय के लोगो ने अपने समाज के उत्थान के लिए पहल करने कि बात पर राज्यपाल अनसुईया उईके को धन्यवाद देते नजर आए ,,साथ ही प्रथम राष्ट्रपति के आने के 70 साल बाद किसी राज्यपाल को अपने बीच पाकर पंडो समुदाय बेहद खुश नजर आए बहरहाल जिला प्रशासन तो केवल फाईल और कागजो तक ही पंडो समुदाय के उत्थान के दावे कर अपनी वाहवाही लुटते नजर आते है ऐसे मे राज्यपाल के आश्वासन के बाद बदहाली कि जिंदगी बिताते इन पंडो समुदाय के उत्थान कि फिर एक बार आस जगते नजर आ रही है,,,

# कनकपुर ने करंजी को हराकर किया फाइनल में प्रवेश



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सरजपुर- दतिमा मोड़- भैयाथान विकासखंड के बुंदिया पंचायत स्थित एकलव्य खेल परिसर में पंचायत के द्वारा आयोजित दस दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजित किया गया है।कनकपुर ने करंजी को सेमीफाइनल मुकाबले में 2-1 से पराजित कर फाइनल प्रवेश किया। मुकाबले के मुख्यातिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष राजवाडे एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा महामंत्री रमेश गुप्ता, भाजपा नेता हरि रजवाड़े, गोरेलाल टोप्पो आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किक मारमार सेमीफाइनल मुकाबले का शुभारंभ किया। रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल कर कनकपुर की टीम ने फाइनल में अपना स्थान बना लिया है। दूसरा सेमीफाइनल मैच आज तेलगांव और कपसरा के मध्य खेला जाएगा, जो भी टीम जीतेगी वे रविवार को कनकपुर से फाइनल मैच खेलेगी। फाइनल में जगह बनाने वाले कनकपुर टीम को मुख्य अतिथि सुभाष राजवाड़े व महामंत्री रमेश गुप्ता ने दोनो टीमो को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य कि शुभकामनाएं दी। कहा ग्रामीण इलाकों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। खिलाड़ी फुटबॉल के माध्यम से भी अपना करियर बना सकते हैं। मौके पर संजय, विनोद राजवाड़े, नितेश गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, माधव, ओमप्रकाश मिंज, अनूप लाल कुजूर, कलम साय, चंद्रावती राजवाडे के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षामित्रों प्रशिक्षित किया

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद -ठाकुरद्वारा- शुक्रवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र ठाकुरद्वारा पर गत माह से संचालित बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान के प्रशिक्षण का समापन हुआ।प्रशिक्षण में ब्लॉक ठाकुरद्वारा प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत सभी 627 शिक्षकों और शिक्षामित्रों को आठ बैचों में बांटकर प्रशिक्षित किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत इस एफ़ एल एन प्रशिक्षण में भाषा और गणित के बुनियादी कौशल विभिन्न खेल और रोचक गतिविधियों के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को बताए गए।प्रशिक्षण के समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी गिरिराज सिंह के द्वारा सभी प्रतिभागियों से इस प्रशिक्षण में प्राप्त अनुभवों को विद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्र छात्राओं के साथ साझा करने के लिए प्रेरित किया गया ताकि प्राथमिक स्तर पर ही छात्रों के बुनियादी कौशल मजबूत हो सके।ए आर पी योगराज सिंह,नवनीत विश्नोई,कृष्ण कुमार,सतीश मोहन और पीयूष कुमार प्रशांत इस प्रशिक्षण में संदर्भ दाता के रूप में रहे।अरुण कुमार शुभम कुमार अरीब,रियाज,त्रिवेंद,विवेक और नवनीत शर्मा ने प्रशिक्षण में सहयोग किया।